# सीएम ने गोरखपुर में किया 2251 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

## मल्टीनेशनल कंपनी कोका-कोला के बॉटलिंग प्लांट का भी किया भूमि पूजन

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण किया। सीएम ने मल्टीनेशनल कंपनी कोका-कोला (अमृत बॉटलर्स) के बॉटलिंग प्लांट का भूमिपूजन और देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिंग कंपनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण भी किया।

सीएम ने कहा कि सपा सरकार में व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली उनके संस्कार का हिस्सा था। आज ऐसा करने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। किसी ने गुंडा टैक्स वसूला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सीएम ने कहा कि गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश व रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।



कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न देते अमृत बॉटलर्स के डायरेक्टर राकेश लधानी। -संवाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर 100 एकड़ में एम्प्लॉयमेंट जोन बनाएगी। उसके माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर उनके रुचि के अनुरूप कार्य देकर उन्हें सेवायोजित करेगी।

### गोरखा युद्ध स्मारक और संग्रहालय का सीएम ने किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को गोरखा रेजिमेंट के गोरखा भर्ती डिपो गोरखपुर में स्थित गोरखा युद्ध स्मारक के सुंदरीकरण और भव्य संग्रहालय का शिलान्यास किया। सीएम ने कहा कि स्वतंत्र भारत में गोरखा सैनिकों ने अलग-अलग मोर्चों पर कार्य किया। जहां भी उन्हें लगाया गया, वहां उन्होंने पूरी बहादुरी से भारतीय सेना का हिस्सा बनकर शत्रु को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उन स्मृतियों को यहां जीवंत बनाने, आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देने और भारत-नेपाल के बीच आध्यात्मिक व राजनीतिक रिश्तों को और मजबूत करने के नए आयाम की शुरुआत हो रही है। सीएम ने कहा कि अपने गौरव का सम्मान देकर ही कोई जाति आगे बढ़ सकती है।